सहजनवा तहसील के चकफत्ता में 19 और ककना गांव में 80 हेक्टेयर जमीन का किया जाएगा अधिग्रहण

# दो गांवों में अधिग्रहित की जाएगी 250 एकड़ जमीन

**गीडा**

- लिंक एक्सप्रेस के दोनों तरफ औद्योगिक विकास के लिए हो रहा अधिग्रहण
- सामाजिक और आर्थिक प्रभाव के लिए गीडा कराएगा सर्वे



उद्योगों के डिमांड के मुताबिक पर्याप्त लैंड बैंक को लेकर लिंक एक्सप्रेस वे से सटे दो गांव में अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई है। लिंक एक्सप्रेस-वे पर उद्योग के लिए जमीन की अच्छी मांग है। धुरियापार में भी तेजी से जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है।
- राम प्रकाश, एसीईओ, गीडा

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** लिंक एक्सप्रेस के दोनों तरफ औद्योगिक विकास के लिए जमीन की जरूरतों में पूरा करने के लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। भूमि अध्याप्ति विभाग और गीडा प्रशासन सहजनवा तहसील के चकफत्ता और ककना में करीब 250 एकड़ जमीन के अधिग्रहण को लेकर कवायद शुरू कर दी गई है। अधिग्रहण से पहले दोनों गांव में सामाजिक-आर्थिक सर्वे कराने के लिए एजेंसी का चयन किया जा रहा है।

चकफत्ता में करीब 19 हेक्टेयर यानी 47 एकड़ और ककना में करीब 80 हेक्टेयर यानी 200 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। हालांकि जमीन अधिग्रहण को लेकर चकफत्ता के ग्रामीणों का विरोध भी सामने आ चुका है। जिन दो गांवों में जमीन का अधिग्रहण किया जाना है, वह खजनी रोड पर लिंक एक्सप्रेस से सटे हुए हैं। लिंक एक्सप्रेस वे से करीब 500 मीटर की दूरी पर भूखंड के चलते जमीन उद्योग के लिए काफी मुफीद मानी जा रही है।

**धुरियापार में हो चुका है 650 एकड़ जमीन का अधिग्रहण :** गीडा प्रशासन की तरफ से धुरियापार में भी जमीन का अधिग्रहण तेजी से हुआ है। अभी तक 650 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। चालू वित्तीय वर्ष में ही गीडा करीब 120 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री करा चुका है।

# गीडा दिवस: देश के नामी उद्यमियों की होगी जुटान

**30** नवम्बर या एक दिसम्बर को आयोजित हो सकता है गीडा कॉन्क्लेव

- गीडा दिवस पर ट्रेड शो के साथ ही उद्यमियों का कॉन्क्लेव कराने की तैयारी
- मुख्यमंत्री की मौजूदगी में निवेश को लेकर आयोजित होगा कॉन्क्लेव
- अदाणी से लेकर कई बड़े उद्यमियों को निमंत्रण भेजने की तैयारी में गीडा प्रशासन

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गीडा अपने स्थापना दिवस (30 नवम्बर) को यादगार बनाने के लिए तैयारियों में जुट गया है। इस बार गीडा प्रशासन ट्रेड शो के साथ ही उद्यमियों का कॉन्क्लेव कराने की भी तैयारी में है। जिसमें अदाणी ग्रुप से लेकर देश के नामी उद्यमियों को निमंत्रण पत्र भेजने की तैयारी है। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कॉन्क्लेव 30 नवम्बर या एक दिसम्बर को आयोजित हो सकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जबसे प्रदेश की सत्ता मिली है, तबसे गीडा का स्थापना दिवस पूरी भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। इस बार गीडा प्रशासन की तरफ से उद्यमियों का कॉन्क्लेव कराने की तैयारी है। कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के बीच बैठकों का दौर चालू है। इस कार्यक्रम में उद्यमियों को न सिर्फ गोरखपुर और आसपास के इलाकों में बदले औद्योगिक माहौल से रूबरू कराया जाएगा बल्कि बताने की कोशिश होगी कि गोरखपुर पूर्वांचल, सीमावर्ती बिहार से लेकर नेपाल की करीब 6 करोड़ आबादी के लिए आर्थिक राजधानी बन चुका है।

एसीईओ रामप्रकाश ने बताया कि स्थापना दिवस को लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है। देश के नामी उद्यमियों की मौजूदगी में कॉन्क्लेव प्रस्तावित है। इसकी कार्ययोजना बनाई जा रही है। ट्रेड शो में प्रदेश के सभी 75 जिलों के ओडीओपी उत्पादों की दो दिवसीय प्रदर्शनी प्रस्तावित है।